प्रेस–नोट

कार्यालय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर

सहायक उप निरीक्षक पुलिस 15 हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर, 08 नवम्बर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा मंगलवार को दुर्घटना पुलिस थाना, कोटा शहर, जिला कोटा के सहायक उप निरीक्षक पुलिस, श्री हमीद को पन्द्रह हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

श्री वी.के. सिंह, महानिरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बताया कि परिवादी श्री कुलदीप सुराणा ने ब्यूरो में शिकायत दर्ज करवाई कि दुर्घटना पुलिस थाना, कोटा शहर के सहायक उप निरीक्षक पुलिस ने परिवादी को बुलाकर कहा कि आपकी गाड़ी से दुर्घटना हुई हैं, आपके नाम एफ.आई.आर. हैं, अतः आपको बीस हजार रूपये देने होंगे। मामला पन्द्रह हजार रूपये में तय हुआ।

ब्यूरो चौकी कोटा द्वारा शिकायत के सत्यापन के उपरान्त ट्रेप का आयोजन कर दुर्घटना पुलिस थाना, कोटा शहर, जिला कोटा के सहायक उप निरीक्षक पुलिस, श्री हमीद को पन्द्रह हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

उक्त प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

– – –